1619

# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा – 846004

## अभिषद् की बैठक दिनांक 17.01.2025 का कार्यवृत्त

**समयः– 02:30 बजे अपराह्न**

**स्थान – कुलपति आवासीय कार्यालय का सभाकक्ष**

**उपस्थितिः–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 संजय कुमार चौधरी, कुलपति | – | **अध्यक्ष** |
| 2. | डॉ0 बैद्यनाथ चौधरी | – | सदस्य |
| 3. | प्रो0 अजय नाथ झा | – | सदस्य |
| 4. | प्रो0 विजय कुमार यादव | – | सदस्य |
| 5. | डॉ0 कृष्ण कान्त झा, प्रधानाचार्य | – | सदस्य |
| 6. | प्रो0 शाहिद हसन, विभागाध्यक्ष | – | सदस्य |
| 7. | डॉ0 नौशाद आलम, विभागाध्यक्ष | – | सदस्य |
| 8. | डॉ0 दिलीप कुमार चौधरी | – | सदस्य |
| 9. | डॉ0 फैयाज अहमद | – | सदस्य |
| 10. | डॉ0 अमर कुमार | – | सदस्य |
| 11. | श्री सुजीत पासवान | – | सदस्य |
| 12. | श्री लक्ष्मेश्वर राय | – | सदस्य |
| 13. | श्री इन्द्र कुमार, वित्तीय परामर्शी | – | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 14. | श्री जानकी रमण निधि, वित्त पदाधिकारी | – | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 15. | डॉ0 अजय कुमार पंडित, कुलसचिव | – | सचिव |

माननीय अध्यक्ष महोदय को कुलसचिव द्वारा गणापूर्ति की सूचना प्रदान करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रांरभ करने की अनुमति मांगी गई। अनुमति प्राप्ति के उपरान्त बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गयी। कुलसचिव द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से स्वागत करते हुए नव वर्ष की शुभकामना दी गई। अभिषद् के ओर से डॉ0 बैधनाथ चौधरी द्वारा अध्यक्ष एवं सचिव सहित विश्वविद्यालय प्रशासन को नव वर्ष की शुभकामना दी गई। कुलसचिव–सह–सचिव द्वारा सदन को सूचित किया गया कि माननीय कुलाधिपति महोदय कार्यालय, पटना से अधिषद् की बैठक दिनांक 27.01.2025 को आयोजित किये जाने की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। अभिषद् में सूचना ग्रहण किया गया। तत्पश्चात् अभिषद् की विधिवत् कार्यवाही प्रारंभ की गई।

**निम्नांकित मदों पर विचार किया जायः–**

**मद सं0** 1 अभिषद् की गत बैठक दिनांक 13.12.2024 के कार्यवृत्त के सम्पुष्टि पर विचार।

**निर्णय** : **सर्वसम्मति से, अभिषद् की बैठक दिनांक 13.12.2024 के कार्यवृत्त को सम्पुष्ट किया गया।**

मद सं0 2 अभिषद् की गत बैठक दिनांक 13.12.2024 के अनुपालन–प्रतिवेदन पर विचार।

निर्णय : **सर्वसम्मति से, अभिषद् की बैठक दिनांक 13.12.2024 के अनुपालन– प्रतिवेदन को अनुमोदित किया गया।**

मद सं0 3 वित्त समिति की बैठक दिनांक 16.01.2025 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार।

निर्णयः **वित्त समिति की बैठक दिनांक 16.01.2025 के कार्यवृत्त को अनुमोदित किया गया। साथ ही अन्यान्य मद सं0–01 के निर्णय में आंशिक संशोधन करते हुए निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय खेल निदेशालय व डब्ल्यूआईटी निदेशक के कार्यकाल को अधिकतम 11 माह और 65 हजार रुपए के प्रतिमाह मानदेय पर नियुक्ति करने की सहमति बनी। इसके साथ ही यदि दोनों स्व वित्त–पोषित संस्थानों में यदि एक ही व्यक्ति सेवा दे तो ऐसी स्थिति में अतिरिक्त पाँच हजार रुपए का मानदेय देय होगा। अभिषद् सदस्यों द्वारा पद्मभूषण डॉ0 शारदा सिन्हा के नाम स्नातकोत्तर संगीत विभाग में चेयर स्थापना के निर्णय एवं बजट में प्रावधान किये जाने हेतु कुलपति–सह–अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं डॉ0 बैधनाथ चौधरी के प्रस्ताव पर उसी विभाग के अंतर्गत मिथिला के प्रसिद्ध संगीतज्ञ एवं डॉ सिन्हा के शिक्षक रहे श्री रामचतुर मल्लिक के नाम पर भी चेयर स्थापित किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। वित्त समिति द्वारा अनुशंसित वित्तीय वर्ष 2025–26 के आय व्ययक को वित्तीय परामर्शी द्वारा संदन में सदस्यों के समक्ष वित्तीय वर्ष 2025–26 के आय व्ययक के विभिन्न भागों में किये गये वित्तीय प्रावधान से अवगत कराया गया, जिसका संज्ञान लिया गया।**

मद सं0 4 डॉ0 राम लोचन मिश्र, वाणिज्य विभाग, जे0 के0 कॉलेज, बिरौल दरभंगा की नियुक्ति के प्रसंग में विश्वविद्यालय ज्ञापांक SC/217/24 दिनांक 14.09.2024 के द्वारा गठित त्रिसदस्यीय जॉच समिति का प्रतिवेदन पर विचार।

निर्णयः **डॉ0 राम लोचन मिश्र, वाणिज्य विभाग, जे0 के0 कॉलेज, बिरौल दरभंगा के मामले पर विचार किया गया। विचारोपरांत, इस संबंध में सभी साक्ष्यों के साथ राज्य सरकार से दिशा–निर्देश प्राप्त करने का निर्णय लिया। प्राप्त दिशा–निर्देश अनुरूप अग्रत्तर कार्रवाई करने की सहमति प्रदान की गई।**

मद सं0 5 बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग, पटना के अनुशंसा के आलोक में विश्वविद्यालय द्वारा भूगोल विषय में स्वीकृत रिक्त पदों पर सहायक प्राचार्य के पद पर किये गये नियुक्ति की घटनोत्तर स्वीकृति पर विचार।

1417

निर्णयः **बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग पटना के अनुशंसा एवं शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना के पत्रांक–15/ए 2–10/2024–03.12.2024 के द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में विश्वविद्यालय ज्ञापांक संख्या–SC/301/24 दिनांक 17.12.2024 के अधिसूचना के अनुरुप भूगोल, विषय में कुल 27 अभ्यर्थियों को सहायक प्राचार्य के पद पर अंगीभूत महाविद्यालयों में स्वीकृत रिक्त पदों के विरुद्ध विश्वविद्यालय द्वारा किये गये नियुक्ति की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान किया गया।**

मद सं0 6 डॉ0 धीरेन्द्र कुमार, सहायक प्रचार्य, अर्थशास्त्र विभाग, सी0एम0 जे0 कॉलेज, दोनवारीहाट खुटौना, मधुबनी के अनुरोध पर स्वीकृत त्यागपत्र की घटनोत्तर स्वीकृति पर विचार।

निर्णयः **सर्वसम्मति से,डॉ0 धीरेन्द्र कुमार, सहायक प्रचार्य, अर्थशास्त्र विभाग, सी0एम0 जे0 कॉलेज, दोनवारीहाट खुटौना, मधुबनी के अनुरोध पर स्वीकृत त्यागपत्र की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान किया गया।**

मद सं0 7 श्री अविनाश कुमार सिंह, निम्न वर्गीय लिपिक, एम0 के0 कॉलेज, लहेरियासराय, दरभंगा द्वारा दिनांक 04.04.2017 से 02.11.2023 (06 वर्ष 07 महीना 02 दिन) तक चिकित्सा अवकाश में रहने के कारण असाधारण अवैतनिक अवकाश की स्वीकृति पर विचार।

निर्णयः **श्री अविनाश कुमार सिंह, निम्न वर्गीय लिपिक, एम0 के0 कॉलेज, लहेरियासराय, दरभंगा द्वारा दिनांक 04.04.2017 से 02.11.2023 (06 वर्ष 07 महीना 02 दिन) तक चिकित्सा अवकाश में रहने के कारण असाधारण अवैतनिक अवकाश की स्वीकृति के मामले पर विचार किया गया। फिलहाल प्रस्ताव को अस्वीकृत किया गया तथा इसे पुनः सीनेट की बैठक के पश्चात् सिंडिकेट की बैठक में उपस्थापित करने का निर्णय लिया गया।**

मद सं0 8 सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार पटना की अधिसूचना ज्ञापांक–11/आ0 नी0–I–03/2023 (खण्ड) सा0 प्र0 19300 पटना–15, दिनांक–13.10.2023 के आलोक में छुटे हुए कर्मियों को उच्चतर पद का प्रभार दिये जाने पर विचार।

निर्णयः **सर्वसम्मति से, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार पटना की अधिसूचना ज्ञापांक–11 /आ0 नी0–I–03/2023 (खण्ड) सा0 प्र0 19300 पटना–15, दिनांक–13.10.2023 के आलोक में छुटे हुए कर्मियों को उच्चतर पद का प्रभार दिये जाने का निर्णय लिया गया।**

अन्यान्य मद सं0 01 वर्ष 2015 में आयोजित लिखित परीक्षा के आधार पर शिक्षकेत्तर

4416

के द्वारा MJC/CWJC में परित न्यायादेश के आलोक में कुल 8 शिक्षकेत्तर कर्मियों को दिये गये प्रोन्नति की घटनोत्तर स्वीकृति पर विचार।

निर्णयः **सर्वसम्मति से, निर्णय लिया गया कि वर्ष 2015 में आयोजित लिखित परीक्षा के आधार पर शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के प्रोन्नति लाभ से संबंधित सभी समान मामले को चार्ट स्वरूप में समीक्षा के साथ अभिषद् के अगले बैठक में निर्णय लिए जाने हेतु उपस्थापित किया जाय।**

अन्यान्य मद सं0 02 अभिषद् सदस्य डॉ0 बैद्यनाथ चौधरी ने प्रस्ताव रखा कि स्व0 परमेश्वर झा, चतुर्थ वर्गीय कर्मी, जे0 एन0 कॉलेज, नेहरा, दरभंगा के मामले में गठित समिति के निर्णय नहीं होने के कारण अद्यतन भुगतान एवं नियमतीकरण लंबित है, पर विचार किया जाय।

निर्णयः **संबंद्धन एवं नई शिक्षण कार्यक्रम समिति को छोड़कर, सभी अधिसूचित समितियों का प्रतिवेदन 15 दिनों के अन्दर कुलपति कार्यालय को हस्तगत कराये जाने का निर्देश माननीय अध्यक्ष–सह–कुलपति महोदय द्वारा दिया गया।**

अन्यान्य मद सं0 03 अभिषद् सदस्य डॉ0 बैद्यनाथ चौधरी ने प्रस्ताव रखा कि विश्वविद्यालय में पेंशनरों के लंबित भुगतान हेतु पेंशन आदालत लगाये जाने एवं श्री कृष्ण कुमार चौधरी, एम0 एल0 एस0 एम महाविद्यालय, दरभंगा के लंबित भुगतान पर पर विचार किया जाय।

निर्णयः **माननीय अध्यक्ष–सह– कुलपति महोदय द्वारा संज्ञान लिया गया।**

अन्यान्य मद सं0 04 अभिषद् सदस्य डॉ0 बैद्यनाथ चौधरी एवं श्री सुजीत कुमार पासवान ने प्रस्ताव रखा कि 11 दैनिक कर्मी जिनके किये गये कार्य के भुगतान लंबित है, के भुगतान करने पर विचार किया जाय।

निर्णयः **सर्वसम्मति से, 11 दैनिक कर्मी जिनके किये गये कार्य के भुगतान लंबित है के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति के जॉच प्रतिवेदन आलोक में कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।**

बैठक के अन्त में कुलसचिव द्वारा सभी सदस्यों को बैठक के सुचारु रुप से संचालन में सहयोग एवं महत्वपूर्ण सुझाव दिये जाने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया गया। तदुपरान्त, अध्यक्ष की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

17/01/2025

(डॉ0 अजय कुमार पंडित)
कुलसचिव –सह–सचिव

17.1.25

(प्रो0 संजय कुमार चौधरी)
कुलपति –सह–अध्यक्ष